हड्डियों का दर्द और खिंचा-खिंचा महसूस होना-एक या एक से अधिक हड्डियों में दर्द या तकलीफ महसूस होना. हड्डियों का दर्द, जोड़ों के दर्द की तुलना में कम पाया जाता है. हड्डियों के दर्द का कारण स्पष्ट हो सकता है, जैसे-हड्डियाँ टूटना या अस्पष्ट हो सकता है, जैसे-कैंसर जो हड्डियों में फैल सकता है (मेटास्टासाइजेज). ज्वाइंट पेन या आर्थ्रालिजया को एक या अधिक जोड़ों के दर्द के रूप में परिभाषित किया जा सकता है. यह जोड़ों के आस-पास के लिगामेंट, बसाइ या टेंडोंस में से किसी संरचना में चोट के कारण हो सकता है. **हड्डियों के दर्द का कारणः-** हड्डियों का दर्द चोट या दूसरी परिस्थितियों के कारण होता है. • बोन कैंसर(प्राथमिक मैलिग्नेंसी) या वह कैंसर जो हड्डियों तक फैल चुका हो (मेटास्टेटिक मैलिग्नेंसी) • हड्डियों को रक्त की आपूर्ति में अवरोध (जैसा कि सिकल सेल एनीमिया में होता है) • हड्डियों में संक्रमण (ऑस्टियोमायलिटिस) • ल्यूकेमिया(रक्त कैंसर) • हड्डियों में खनिज की कमी (ऑस्टियोपोरोसिस) • अधिक श्रम • जिन बच्चों ने अभी चलना सीखा हो, उनकी हड्डियाँ टूटना **जोड़ों के दर्द के कारणः-** ज्वाइंट पेन या जोड़ों का दर्द चोट या अन्य कारणों से हो सकता है, जैसे- अर्थराइटिस-ऑस्टियोअर्थाराइटिस, रयूमेटॉयड अर्थाराइटिस • एसेप्टिक नेक्रोसिस • बर्साइटिस • ऑस्टियोकोंड्राइटिस • सिकल सेल रोग (सिकल सेल एनीमिया) • स्टेरॉयड ड्रग विदड्राअल • कार्टिलेज फटना • जोड़ों का संक्रमण • हड्डी टूटना • मोच • ट्यूमर • टेंडिनाइटिस **हड्डियों और जोड़ों के दर्द के लक्षण हैं:-** चलने, खड़े होने, हिलने-डुलने और यहाँ तक कि आराम करते समय भी दर्द • सूजन और क्रेपिटस • चलने पर या गति करते समय जोड़ों का लॉक हो जाना • जोड़ों का कड़ापन, खासकर सुबह में या यह पूरे दिन रह सकता है • मरोड़ • वेस्टिंग और फेसिकुलेशन • अगर बुखार, थकान और वजन घटने जैसे लक्षण हों, तो कोई गंभीर अंदरूनी या संक्रामक बीमारी हो सकती है. आपको डॉक्टर से बात करना चाहिए. **जाँच और रोग की पहचानः-** डॉक्टर रोग की पहचान करने के लिए आपके चिकित्सकीय इतिहास के विषय में पूछेगें और शारीरिक जाँच करेगें. चिकित्सकीय इतिहास में दर्द की जगह, दर्द के समय और पैटर्न और किसी भी अन्य संबंधित तथ्य से जुड़े सवाल पूछे जा सकते हैं. इनमें से कोई एक या अधिक जाँच किये जा सकते हैं- रक्त का अध्ययन (जैसे-सीबीसी, ब्लड डिफरेंशियल) • हड्डियों और जोड़ो का एक्स-रे, जिसमें हड्डियों का एक स्कैन शामिल है • हड्डियों और जोड़ो का सीटी या एमआरआई स्कैन • होर्मोन के स्तर का अध्ययन • पिट्यूटरी और एड्रीनल ग्रंथि की कार्यक्षमता का अध्ययन • यूरीन का अध्ययन **उपचारः-** जोड़ों के दर्द को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता. अगर आपकी समस्या उग्र या साधारण है, आप ओटीसी दर्द निवारकों का उपयोग कर सकती हैं. लेकिन अगर आपका दर्द लगातार बना हुआ है या किसी चोट या कटने या सर्जरी के बाद शुरू हुआ है, तो डॉक्टर से मिलें. आराम करना और गर्म सेंक देनाः साधारण चोट या मोच में आराम और सामान्य दर्द निवारकों (जैसे-पैरासिटामोल, आइब्यूप्रोफेन) या गर्म सेंक के उपयोग से दर्द से राहत पाने में सहायता मिलती है। **व्यायामः-** सामान्य हल्के व्यायाम अर्थाराइटिस या फाइब्रोमाइल्जिया के रोगियों में जोड़ों की गतिशीलता बढाने, दर्द घटाने और दुखती, कड़ी माँसपेशियों को आराम पहुँचाने में मदद करते हैं. अगर ये उपाय आपको राहत नहीं दे पाते तो डॉक्टर से मिलें.

## क्या एंटीबायोटिक दवाओं के बिना संभव है यूटीआई का इलाज? जानें क्या है सच्चाई

यूटीआई यानि यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन महिलाओं को होने वाली एक सामान्य परेशानी है.ज्यादातर महिलाओं को अपने जीवनकाल में इस परेशानी का सामना करना पड़ता है. कुछ लड़कियों में जल्दी-जल्दी यूटीआई की समस्या होती रहती है. ऐसे में कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना जरूरी है. यूटीआई दरअसल बैक्टीरिया के कारण होता है. यह बैक्टीरिया मूत्रमार्ग से होते हुए ब्लैडर तक पहुँच जाता है और संक्रमण फैलाता है. यहाँ तक कि कई बार ब्लैडर में सूजन जैसी समस्या भी देखने को मिलती है. बहरहाल विशेषज्ञों की मानें तो संक्रमण की स्थिति में कुछ चीजें करने से हर महिला को बचना चाहिए ताकि उनकी समस्या विकराल रूप इख्तियार न कर ले. आधुनिक जीवनशैली के कारण महिलाओं के बीच यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) आम रोग बन चुका है जिसका सबसे बड़ा और सामान्य कारण है अस्वच्छ शौचालयों का इस्तेमाल करना. बात अगर नौकरी पेशा महिलाओं की जाए तो रोग हर दूसरी महिला को अपनी गिरफ्त में ले लेता है. यह रोग हालांकि बहुत खतरनाक नहीं है लेकिन अगर समय रहते ध्यान दिया जाए तो यह किडनी तक को प्रभावित कर सकता है. कुछ सावधानियाँ बरतकर यूटीआई से बचा जा सकता है. महिलाओं के बीच यूटीआई जिसे मूत्र मार्ग संक्रमण भी कहा जाता है, सबसे सामान्य और प्रचलित कारण वेस्टर्न स्टाइल के टॉयलेट हैं जहाँ इस संक्रमण का जोखिम अधिक बढ़ जाता है. 15 से 40 की उम्र के बीच यह समस्या अधिक देखी जाती है. संक्रमित महिलायें इससे बचने के लिए सिर्फ एंटीबॉयोटिक दवाओं पर ही निर्भर रहती हैं. लेकिन आज हम आपको बता रहे हैं कि क्या बिना एंटीबॉयोटिक दवाओं के भी यूटीआई का इलाज संभव है या नहीं? **अनार के फायदेः-** अनार में पाये जाने वाले विटामिन सी और दूसरे एंटीऑक्सीडेंट संक्रमण होने से बचाते हैं. यही एंटीऑक्सीडेंट जीवाणुओं को मूत्र मार्ग में घुसने से बचाता है. जबकि विटामिन सी इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है, यह संक्रमण से बचाव करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इसके अलावा यह फल बदलते हुए हार्मोन के प्रभाव को भी कम कर देता है जो यूटीआई के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं. **कैसे करें सेवनः-** अनार के दानों को निकाल लें, अनार के दानें लगभग एक कटोरी होने चाहिए. इसे दिन में कभी भी खायें, अगर संक्रमण अधिक हो तो दिन में दो से तीन बार अनार खा सकते हैं. इसके अलावा आप अनार का जूस भी पी सकते हैं. यूरीनरी ट्रैक्ट संक्रमण होने पर सफाई पर विशेष ध्यान दें, अधिक पानी पियें, खानपान में सावधानी बरतें, पेशाब को रोकें नहीं और नियमित रूप से चिकित्सक से परामर्श भी लें. **पानी की कमी ना होने देंः-** यूटीआई की समस्या ज्यादातर कम पानी पीने वाली महिलाओं में देखी जाती है. अगर आप गर्भवती हैं तो और इस समस्या से ग्रस्त हैं तो ज्यादा से ज्यादा पानी पीयें. इससे ब्लैड में यूरीन का निर्माण बढ़ेगा और जब आप यूरीन पास करेंगी तो यूटीआई के बैक्टीरिया अपने आप निकल जाएँगे. **यूरीन ना रोकें:-** आपको कई बार यूरीन पास करने की जरूरत पड़ती है तो आप कभी भी इसे रोकने की कोशिश ना करें. अगर दवाब के बाद भी यदि तीन से चार मिनट भी पेशाब को रोका गया तो यूरिन के टॉक्सिक तत्व किडनी में वापस चले जाते हैं, जिसे रिटेंशन ऑफ यूरिन कहते हैं. यूरीन शरीर की सामान्य प्रक्रिया है, जिसे महसूस होने पर एक से दो मिनट के अंदर निष्कासित कर देना चाहिए. यदि वह थोड़े समय भी अधिक शरीर में रहते हैं तो संक्रमण की शुरुआत हो सकती है.

## पैर के अँगूठे की हड्डी का बढ़ना गोखरू रोग के हैं संकेत, महिलायें होती हैं ज्यादा प्रभावित

सीढियाँ चढ़ते-उतरते समय पैर के अँगूठे के जोड़ में दर्द होता है तो यह गोखरू या बनियन का लक्षण है. इस समस्या में चढ़ते-उतरते समय जब अँगूठा मुड़ता है तो जोड़ आपस में घिसते हैं, तभी दर्द होता है. बनियन (Bunion) यानी अँगूठे के जोड़ की हड्डी बढ़ना. यह समस्या उन लोगों में अधिक होती है, जो कसे पंजे वाले जूते पहनते हैं. इससे अँगूठा पैरों की उँगली की ओर बढ़ने लगता है, जो सूजन और दर्द का कारण बन जाता है. यह समस्या काफी तकलीफदेह होती है. लोगों का चलना इसमें मुश्किल हो जाता है. **गोखरू होने का कारणः-** युवावस्था की शुरुआत में होने वाली पैरों की समस्याएँ उम्र बढ़ने के साथ-साथ बढ़ जाती हैं. ऐसी ही समस्याओं में एक बनियन भी है. बहुत से लोगों कों बनियन इसलिए होता है क्योंकि उनके परिवार में किसी न किसी को ये समस्या रही है. बनियन के साथ पैरों की कुछ और समस्याएँ हों. कई बार अर्थराइटिस के साथ बनियन हो जाता है. ऐसे लोग जिन्हें पैरों की असंगति का सामना करना पड़ता है, उनमें अक्सर लंबे पैर में बनियन होता है. **महिलाओं को अधिक खतराः-** महिलाओं को बनियन होने का जोखिम पुरूषों की तुलना में अधिक होता है. सालों तक खराब फिटिंग के फुटवेयर, हाई हील और पॉइन्टेड शूज के कारण बनियन हो सकता है. इस तरह के फुटवेयर धीरे-धीरे पेरों की हड्डियों का आकार बिगाड़ देते हैं. **गोखरू के लक्षणः-** बनियन का संकेत व लक्षण अमूमन पैरों का दर्द ही होता है. चलते हुए पैर के अँगूठे और उसके आसपास के एरिया में दर्द होना, जूते पहनते हुए दर्द होना जबकि बाकी के पैर में दर्द न होना. बनियन होने पर अँगूठे के नीचे का हिस्सा बढ़ जाता है. इस जगह पर शूज से जो दबाव पड़ता है उसकी वजह से दर्द बहुत ज्यादा बढ़ सकता है. **गोखरू की पहचान कैसे की जाती है:-** ऊपर दिए गए लक्षणों का पता लगाकर ही डॉक्टर बनियन होने का अंदाजा लगाते हैं. पैर, खासतौर पर अँगूठे के आसपास के हिस्से की जाँच की जाती है. इसके बाद शक को पक्का करने के लिए एक्सरे करवाया जाता है. एक्सरे करवाना इस समस्या की पहचान करने का सबसे अच्छा तरीका है. **गोखरू का उपचारः-** बनियन का नॉन-सर्जिकल उपचार यही है कि आराम किया जाए और फुटवेयर को फौरन बदल दिया जाए. ऐसा करने से कई बार फौरन आराम मिलता है. जिसे ये समस्या हो उसे हाई हील, पॉइन्टेड हील और टाइट फुटवेयर छोड़कर वॉकिंग शूज या कोई और आरामदायक फुटवेयर पहनना चाहिए. **दवाओं से उपचारः-** एंटी-इनफ्लेटरी दवाइयाँ, जैसे कि एसीटिलसेलीसाइलिक एसिड (एस्प्रिन, एकोट्रिन), इबूप्रोफेन (एडविल, मोट्रिन, न्यूप्रिन, पीडियाकेयर फीवर) और नेप्रोक्सेन इस समस्या में सूजन के साथ-साथ दर्द को दूर करने का काम कर सकती हैं. लोकल कोल्ड पैक एप्लीकेशन भी इसमें फायदा पहुँचा सकती है. **एक्सरसाइज से फायदाः-** बनियन के जॉइंट के अंदरूनी हिस्सों से तनाव दूर करने के लिए कई बार स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करने की सलाह दी जाती है. पैर के स्ट्रक्चर और बनियन की गंभीरता पर निर्भर करता है कि किस तरह की एक्सरसाइज करवई जाएगी. इसके अलावा, अत्यधिक दर्द में इंजेक्शन भी दिया जा सकता है.





www.medicaldarpan.in

3 वर्ष तक घर बैठे यह समाचार पत्र पढ़ने के लिये हमारे पंजाब नैशनल बैंक के खाता संख्या 1824002100120081, IFSC Code - PUNB0182400 जो कि मैडीकल दर्पण के नाम से है, में रू० 250/- जमा कर अपना पूरा पता हमारे फोन नं०- 09410434811 पर SMS कर दें।

Pharma Roots HealthCare

*Roots for Healthier Lifes............*

**We manufacture wide range of Pharmaceutical Formulations (Under Third Party/Contract Manufacturing) having specialization in:-**

- Tablets
- Capsules
- Oral Syrups
- Injectables

Third Party Manufacturing

**AN GMP & GLP CERTIFIED COMPANY*** (*Under Process)

**FIRST TIME** in India Manufacturer offering Foreign Trips To third parties on monthly Committed Business

We are Most Competitive & Specialized in **Clavulanic (CV), Diabetic, Cardiac & Gastro Combinations**

*Opportunities are never lost someone will take the one you miss*

## We welcome your enquiries for Franchisees/ PCD

- GMP Certified Plant With Large Production Capacity
- Assurance For Quick & on time delivery of finished goods
- Consistent quality
- Enough capacity to entertain small,medium & large batches
- Superior packaging (Alu-Alu, Blister, Strips, Drip off , Embossing UV, Leafing)
- Beta Lactum & Non Beta Lactum Manufacturing Facility Available

*Requires parties with good financial background & Marketing Experience are welcome for unrepresented area on monopoly basis*

Attractions
- Attractive Packaging
- Monopoly Rights
- High Quality Standard
- Visual aid
- Product Card
- M.R. Bag




# PHARMAROOTS HEALTHCARE

**Corp. Office :** 3D & 4D, 4th Floor, New Town, Baddi-Barotiwala Road opp. DIC Office Baddi (H.P.)
**Regd. Office :** Plot No. 925, Himshikha, Pinjore, Distt. Panchkula Haryana

**Email :** pharmarootshealthcare@gmail.com
**Website:** pharmarootshealthcare.com

**Contact No. : 08847248892, 8837783433, 06239540054**


Product List (Pharma Roots) See Page No. 12 (Column No. 02)

## चार प्रकार के होते हैं लैंस जानें आपकी आँखों के लिए कौन सा है सही

कम्प्यूटर और मोबाइल स्क्रीन के साथ निरंतर संपर्क में रहने के कारण चश्मे और कॉन्टैक्ट लेंस का इस्तेमाल करने वालों की तादाद तेजी से बढ़ती जा रही है. फिर भी उन्हें इनके चुनाव और इस्तेमाल का सही तरीका मालूम नहीं होता. आजकल हर आयु वर्ग के लोग दृष्टि संबंधी समस्याओं से परेशान रहते हैं. इसलिए चश्मे और कॉन्टेक्ट लेंस पर लोगों की निर्भरता बढ़ती जा रही है. इसके अलावा चश्मे से छुटकारा पाने के लिए लोग लेजर ट्रीटमेंट के बारे में भी जानने को इच्छुक होते हैं. यहाँ दिल्ली स्थित सर गंगाराम हॉस्पिटल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ॰ अकीदा लाल बता रही हैं कि हमें अपनी आँखों के साथ चश्मे और कॉन्टैक्ट लेंस की देखभाल कैसे करनी चाहिए. **नजर से जुड़ी समस्याएँ:– मायोपिया:** स्वस्थ आँखों में किसी वस्तु की इमेज रेटिना पर बनती है. मायोपिया में यह छवि रेटिना से पहले बन जाती है तो धुंधला दिखाई देने लगता है. इसके लिए कॉन्केव या माइनस नंबर का लेंस दिया जाता है. **हाइपरमेट्रोपिया:** जब किसी वस्तु की इमेज रेटिना के ऊपर न बनकर उसके पीछे बनती है तो उसे हाइपरमेट्रोपिया कहते हैं. इससे पास की चीज देखने में परेशानी होती है. इस समस्या को दूर करने के लिए प्लस पावर वाले कॉन्वेक्स लेंस की जरूरत होती है. **एस्टिग्मेटिज्म:** यह वैसी स्थिति है, जिसमें आँखों का कॉर्निया पूरी तरह गोल नहीं होता. इससे रेटिना पर पडने वाली लाइट किसी एक जगह टिकने के बजाय आसपास फैल जाती है. इससे दूर या पास, दोनों जगह पर धुंधला दिखाई देता है। साथ ही सिरदर्द भी हो सकता है। ऐसी समस्या होने पर सिलिंड्रिकल लेंस का इस्तेमाल किया जाता है. **प्रेस्बायोपिया:** आमतौर पर 40 साल की उम्र के बाद लोगों को नजदीक की चीजें देखने में परेशानी होती है. ऐसी समस्या को दूर करने के लिए चश्मे में कॉन्वेक्स या प्लस नंबर का लेंस यूज किया जाता है. **कैसा हो चश्मा:–** फ्रेम हल्का हो, नाक और कान पर अधिक दबाव न डालता हो. उसकी फिटिंग भी अच्छी होनी चाहिए. • चश्मे को पहनते और उतारते वक्त दोनों हाथों का इस्तेमाल करना चाहिए. • चश्मे के लिए रेजिन लेंस हलके होते हैं पर आसानी से टूटते नहीं हैं और इन पर खरोंच भी नहीं पड़ती. • प्लास्टिक लेंस भी हल्के होते हैं और आसानी से टूटते नहीं हैं लेकिन इन पर खरोंच जल्दी पड़ जाती है. • ट्रिप्लेक्स लेंस भी वजन में हल्के होते हैं और जल्दी टूटते नहीं हैं. • लेंस पर कई तरह की कोटिंग भी मिलती है, जैसे कि एंटी–ग्लेयर, एंटी–स्क्रैच, फोटोक्रोमिक आदि. एंटी–ग्लेयर कोटिंग आँखों को चमक और फोटोक्रोमिक अल्ट्रावॉयलेट किरणों से बचाती है. डॉक्टर जब चश्मा लगाने की सलाह दें तो लेंस के बारे में पूरी जानकारी लें. • बच्चों और खिलाडियों के लिए पॉलीकार्बोनेट ग्लास उपयुक्त होते हैं क्योंकि मजबूत होने के साथ ये आँखों को सूरज की अल्ट्रावॉयलेट किरणों से भी बचाते हैं. • फील्ड वर्क करने वालों के लिए फोटोक्रोमिक ग्लास भी उपयोगी है क्योंकि सूरज की रोशनी में इसका रंग बदल जाता है और सनग्लास की जरूरत नहीं पड़ती. • आमतौर पर खेलने या ड्राइविंग के दौरान पोलराइज्ड सनग्लासेज इस्तेमाल किए जाते हैं और धूप के तेज रिफ्लेक्शन से आँखों को बचाते हैं. **कॉन्टैक्ट लेंस का चुनाव:–** जिनकी दूर की नजर कमजोर होती है और जिन्हें चश्मा पहनना नापसंद है, उनके लिए कॉन्टैक्ट लेंस सही विकल्प साबित होता है. अगर आँखों में ड्राईनेस की समस्या है तो सॉफ्ट कॉन्टैक्ट लेंस का चुनाव करना चाहिए. ये प्लास्टिक के बने होते हैं. आरामदायक होने के साथ कॉर्निया तक ऑक्सीजन पहुँचाने में भी मददगार होते हैं. इसकी कमी से कॉर्निया में सूजन आ सकती है. ऐसे लेंस को महीने भर बाद बदल देना चाहिए. **आरजीपी लेंस:–** इसका पूरा नाम रिजिड गैस परमिएबल लेंस है. ये थोड़े सख्त होते हैं. इनमें विजन अधिक साफ होता है. इनकी देखभाल भी आसान होती है. जिनकी दृष्टि ज्यादा कमजोर हो या जो लोग अधिक व्यस्त रहते हैं, उनके लिए ऐसे लेंस उपयुक्त होते हैं. • जिन्हें नजर के धुंधलेपन के साथ सिरदर्द जैसी समस्याएँ हों, उनके लिए टोरिक लेंस उपयुक्त रहता है. • जिनकी कॉर्निया सही शेप में नहीं होती या चश्मे का पावर अधिक हो तो उनके लिए सेमी टॉक्स लेंस बेहतर विकल्प हैं. **कब बदलें इसे:–** डॉक्टरों के अनुसार लेंस को एक से 6 महीने के बीच चेकअप और डॉक्टर की सलाह के बाद बदलते रहना चाहिए. अगर लेंस लगाने के बाद आँखों में कोई तकलीफ तो बिना देर किए डॉक्टर से सलाह लें. इसके साथ ही कुछ लेंस ऐसे भी होते हैं, जिन्हें एक साल तक आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है. **इसके साइड इफेक्ट:– एलर्जी:** सही तरीके से कॉन्टैक्ट लेंस नहीं लगाने पर आँखें लाल हो सकती हैं. साथ ही, खुजली की भी समस्या हो सकती है. ऐसे लक्षण दिखने पर लेंस न लगाएँ और डॉक्टर की सलाह लें. **कॉर्निया पर खरोंच:** लेंस पहनते और उतारते समय ध्यान रखें कि कॉर्निया पर कोई खरोंच न लगे. ऐसा होने पर कॉर्नियल अल्सर होने और आँख की पुतली पर सफेदी पड़ने का डर रहता है. **क्या है हन्ना लेजर ट्रीटमेंट:–** अगर आप चश्मे या लेंस से छुटकारा पाना चाहते हैं तो उसके लिए लेसिक लेजर ट्रीटमेंट बहुत उपयोगी साबित होता है. इस सर्जरी में बहुत कम समय लगता है और मरीज उसी दिन घर जा सकता है. लेसिक लेजर की मदद से कॉर्निया की सतह को बदल दिया जाता है. इससे चश्मे या कॉन्टैक्ट लेंस के बिना भी साफ दिखने लगता है. **लेजर के प्रकार:– सिंपल लेसिक लेजर:** इसमें कट लगाकर कॉर्निया को री–शेप किया जाता है. पूरी प्रक्रिया में करीब 20–25 मिनट लगते हैं. हालांकि इस तरह की सर्जरी का चलन अब कम होता जा रहा है. **ई–लेसिक लेजर:** इसका प्रोसेस लगभग सिंपल लेसिक लेजर जैसा ही है. अंतर सिर्फ मशीन का होता है. इस प्रोसेस से मरीज की आँखें जल्दी ही दुरुस्त हो जाती हैं. **कस्टमाइज्ड लेसिक लेजर:** इसे सी–लेसिक लेजर भी कहा जाता है. इसमें आँखों के साइज के हिसाब से ट्रीटमेंट किया जाता है. यह तरीका सबसे सुरक्षित है. **सर्जरी के बाद:–** ऑपरेशन के बाद दो–तीन दिन तक आराम करें. आँखों पर ज्यादा जोर देने वाली एक्टिविटीज मसलन टीवी देखना, कम्प्यूटर पर काम करना या पढ़ना जैसे काम 15–20 दिनों तक न करें. इसके बाद चश्मे या लेंस से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाएगा. • स्विमिंग और मेकअप आदि से कुछ सप्ताह तक दूर रहें. • अगर इन छोटी–छोटी बातों का ध्यान रखेंगे तो आँखें हमेशा स्वस्थ रहेंगी.

## आँतों को स्वस्थ और पाचन तंत्र को बेहतर रखना है, तो डाइट में शामिल करें ये 5 चीजें

आँतें हमारे पाचन तंत्र का एक महत्वपूर्ण अंग हैं. आँतों में बनने वाले पाचक रस के कारण ही हमारा भोजन अच्छी तरह पचता है और हमारे शरीर को ऊर्जा और पोषण मिलता है. अगर आपको टॉयलेट में बहुत समय रहने के बाद भी संतुष्टि नहीं मिलती है और पेट साफ नहीं होता है, या खाना न पचने के कारण भारीपन लगता है तो इन परेशानियों का कारण आँतों की समस्याएं हो सकती हैं. आँतों को स्वस्थ रखने के लिए आपको अपने आहार में कुछ चीजों को शामिल करना चाहिए. इससे आपका पाचन तंत्र अच्छी तरह काम करेगा और आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा. • **हर समय न खाते रहें:–** हर समय खाते रहने की आदत आँतों के स्वास्थ्य के लिए अच्छी नहीं होती है. क्योंकि आँतों को साफ, बैक्टीरिया और अपशिष्ट मुक्त करने के लिए, पाचन को आराम देने की जरूरत होती है. हर दो घंटे के बाद कुछ मिनट के लिए आपकी आँतों में मौजूद चिकनी मसल्स पाचन तंत्र के माध्यम से बैक्टीरिया और अपशिष्ट को बाहर निकालती है. लेकिन खाते समय यह प्रक्रिया रूक जाती है. इसलिए आँतों को स्वस्थ रखने के लिए दो भोजन के बीच थोड़ा सा अंतराल होना जरूरी होता है. • **फाइबर वाले फूड्स का सेवन:–** आँतों को स्वस्थ रखने के लिए फाइबर यानी रेशेदार भोजन करना बहुत फायदेमंद होता है. बहुत अधिक तेल, मसाले और वसा वाले भोजन से दूर रहें, ये कब्ज और अन्य पाचन समस्याओं को जन्म देती हैं. इसलिए फाइबरयुक्त भोजन को अपने आहार में शामिल करें. सब्जियाँ, फल, अनाज, दाल और नट्स में मौजूद फाइबर आपकी आँतों को ठीक प्रकार से कार्य करने में मदद करता हैं. अगर आपको मल त्याग के समय बहुत जोर लगाना पड़ता है फिर भी पेट साफ नहीं होता है, तो फाइबर वाले फूड्स से बहुत फायदा मिलेगा. • **रोज 3–4 लीटर पानी पिएं:–** अगर आप फाइबर की अधिक मात्रा में लेते हैं, और इसके साथ पर्याप्त पानी नहीं पीते हैं तो आपकी आँतों को नुकसान हो सकता है. इसलिए इन स्वस्थ अनाज और सब्जियों के साथ पानी की उचित मात्रा लेना कभी नहीं भूलना चाहिए. औसतन हमें एक दिन में 8–12 ग्लास या 3 से 4 लीटर पानी जरूर पीना चाहिए. अगर आप ज्यादा मेहनत वाला काम करते हैं, तो पानी की जरूरत और भी ज्यादा होती है. • **प्रोबायोटिक्स वाले आहार:–** एक्सपर्ट्स के अनुसार, आँतों के रोग और अल्सरेटिव कोलाइटिस जैसी बीमारियों को दूर करने में प्रोबायोटिक्स बहुत मददगार होता है. हमारी आँत असंख्य बैक्टेरिया से भरी होती है. इनमें से कुछ हमारे शरीर के लिए रोग का कारण भी हो सकते हैं और जो अच्छे होते हैं, वे भोजन को पचाने का काम करते हैं तथा पाचन तंत्र को संतुलित रखने का काम करते हैं. प्रोबायोटिक भोज्य पदार्थों के सेवन से आँतों की कार्यप्रणाली को सशक्त बनाया जा सकता है, इन्फेक्शन से बचाव किया जा सकता है. प्रोबायोटिक मुख्यत: डेयरी प्रोडक्ट में ही होता है, जैसे दूध व दही. • **सोने और जागने का समय तय करें:–** आँतों को दूसरा मस्तिष्क कहा जाता है. आँतों में मौजूद करोड़ों संवेदनशील टिशूज का स्वास्थ्य हमारी जीवनशैली पर भी निर्भर करता है. आँतों को बेहतर काम करने के लिए अपने सोने और जागने का समय निश्चित करें. ज्यादा तनाव से भी आपका पाचनतंत्र प्रभावित होता है. शांत जगह पर सिर्फ 5 मिनट आँखें बंद करके साँस लेने पर आप अपनी आँतों में काफी सुधार कर सकते हैं. इसके साथ ही ध्यान रखें कि आप रोजाना 6–7 घंटे की नींद ले रहे हैं.

## ल्यूकेमिया होने पर शरीर में दिखते हैं ऐसे लक्षण, समय रहते शुरू कर दें इलाज

कैंसर का एक प्रकार जो कि रक्त के बनने की प्रक्रिया को प्रभावित करता है, उसे ल्यूकीमिया कैंसर कहते है. दूसरे शब्दों में, ल्यूकीमिया ब्लड कैंसर का ही एक प्रकार है, इसके होने के बाद कैंसर रोधी सेल्स ब्लड के बनने में रूकावट पैदा करने लगते हैं. ल्यूकीमिया का प्रभाव खून के साथ–साथ शरीर के लिम्फेटिक सिस्टम और बोन मैरो पर भी होने लगता है. ल्यूकीमिया की वजह से मरीज को खून की कमी हो जाती है. ल्यूकीमिया एक्यूट या क्रोनिक हो सकता है. इसका तात्पर्य यह है कि यह या तो अचानक से या फिर धीरे–धीरे क्रोनिक होता है. ल्यूकीमिया ज्यादातर बच्चों को ही प्रभावित करता है, पर एक्यूट ल्यूकीमिया युवाओं और बच्चों को प्रभावित करता है. ल्यूकीमिया सामान्यत व्हाइट ब्लड सेल्स जो बोन मैरो में बनते हैं, उनको प्रभावित करता है. यह पूरे शरीर में संचालित होते हैं और वायरस और दूसरे संक्रमण से लड़ने में प्रतिरक्षा प्रणाली की मदद करते हैं. दो मुख्य प्रकार के व्हाइट ब्लड सेल्स हैं लिम्फोसाइट्स और ग्रैन्यूलोसाइट्स. ल्यूकीमिया जो कि लिम्फोसाइट्स से होते हैं उन्हें लिम्फोसाइटिक या लिम्फेटिक ल्यूकीमिया कहते हैं. कुछ दुर्लभ प्रकार के ल्यूकीमिया को मोनोसाइटिक ल्यूकीमिया कहते हैं. एक्यूट लिम्फोसाइटिक ल्यूकीमिया के होने की सम्भावना बचपन में अधिक रहती है. एक्यूट माइलोसाइटिक ल्यूकीमिया अक्सर बच्चों और युवाओं को प्रभावित करता है. क्रोनिक माइलोजीन्स और क्रोनिक लिम्फोमसाइटिक ल्यूकीमिया मुख्यत: युवाओं को प्रभावित करता है. ल्यूकीमिया सेल्स सीधे तौर पर रक्त को बहुत प्रभावित करते हैं. हालांकि ल्यूकीमिया के लक्षणों को आसानी से पहचाना जा सकता है, लेकिन जो लोग ल्यूकीमिया के लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं और ल्यूकीमिया का समय पर इलाज नहीं करवाते उनका जीवन अधिकतम चार साल ही होता है. हालांकि यह भी मरीज की उम्र, प्रतिरोधक क्षमता और ल्यूकीमिया के प्रकार पर निर्भर करता हैं. क्या आप जानते हैं ल्यूकीमिया यानी रक्त कैंसर का इलाज ल्यूकीमिया के प्रकारों के आधार पर ही होता है. ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि ल्यूकीमिया कितने तरह का होता है, ल्यूकीमिया की अवस्थाएं कौन–कौन सी हैं. इसके साथ ही यह भी सवाल उठता है कि क्या सभी प्रकार के ल्यूकीमिया का इलाज संभव है. इन सब बातों को जानने के लिए ल्यूकीमिया के प्रकारों को जानना जरूरी है. **ल्यूकीमिया के लक्षण:–** बार–बार एक ही तरह का संक्रमण होना. • बहुत तेज बुखार होना. • रोगी का इम्यून सिस्टम कमजोर होना. • हर समय थकान और कमजोरी महसूस करना. • एनीमिया होना. • नाक–मसूड़ों इत्यादि से खून बहने की शिकायत होना. • प्लेटलेट्स का गिरना. • शरीर के जोड़ों में दर्द होना. • हड्डियों में दर्द की शिकायत होना. • शरीर के विभिन्न हिस्सों में सूजन आना. • शरीर में जगह–जगह गाँठों के होने का महसूस होना. • लिवर संबंधी समस्याएं होना. • अकसर सिरदर्द की शिकायत होना. या फिर माइग्रेन की शिकायत होना. • पक्षाघात यानी स्ट्रोक होना. • दौरा पड़ना या किसी चीज के होने का बार–बार भ्रम होना. यानी कई बार रोगी मानसिक रूप से परेशान रहने लगता हैं. • उल्टियाँ आने का अहसास होना या असमय उल्टियाँ होना. • त्वचा में जगह–जगह रैशेज की शिकायत होना. • ग्रंथियों/ग्लैंड्स का सूज जाना. • अचानक से बिना कारणों के असामान्य रूप से वजन का कम होना. • जबड़ों में सूजन आना या फिर रक्त का बहना. • भूख ना लगने की समस्या होना. • यदि चोट लगी है तो चोट का निशान पड़ जाना. • किसी घाव या जख्म के भरने में अधिक समय लगना. **कितने प्रकार का होता है ल्यूकीमिया:–** आमतौर पर ल्यूकीमिया दो प्रकार का होता है लेकिन फिर भी ल्यूकीमिया के कई और प्रकार भी हो सकते हैं. **लिंफोसाईटिक ल्यूकीमिया:–** ल्यूकीमिया का यह प्रकार लिम्फोसाइट्स यानी लिंफॉईड कोशिकाओं के शरीर में अधिक विकसित या फिर इनकी असामान्य उत्पत्ति के कारण होता है. **माइलोसाईटिक ल्यूकीमिया:–** ल्यूकीमिया का यह प्रकार माइलोसाईट यानी मोनोसाईट्स सेल्स की मात्रा के बढ़ने से होता है. जब शरीर में बहुत अधिक मोनोसाईट्स उत्पन्न हो जाती है या फिर इनकी असीमित वृद्घि होने लगती है तो माइलोसाईटिक ल्यूकीमिया विकसित होने लगता है.




www.medicaldarpan.in

## Lupin and AbbVie Announce Partnership to Develop and Commercialize Novel Oncology Drug to treat Hematological Cancers

LUPIN

**Mumbai:-** Pharma major Lupin Limited (Lupin) and global biopharmaceutical company AbbVie Inc., today announced that AbbVie has licensed Lupin's MALT1 (Mucosa-Associated Lymphoid Tissue Lymphoma Translocation Protein 1) inhibitor program. Through this partnership, AbbVie gains exclusive global rights to develop and commercialize Lupin's MALT1 inhibitors. MALT-1 is a protein involved in T-cell and B-cell lymphocyte activation and AbbVie intends to pursue development across a range of hematological cancers, many with limited current treatment options. Commenting on the development, Nilesh Gupta, Managing Director, Lupin Limited said, "Delivering on new drugs was a key element of Dr. Deshbandhu Gupta's vision. We are extremely proud of being able to realize his vision to bring new treatments to patients in need. We are very pleased to partner with AbbVie who share a commitment to deliver high quality medicines in areas that lack approved treatment and have a dire medical need. Their proven success in rapidly commercializing new targeted oncology treatments made them our partner of choice for this program." Commenting on the partnership announcement, Dr. Raj Kamboj, President of Lupin's Novel Drug Discovery and Development (NDDD) stated, "We are delighted with the success of our NDDD program to bring India's first pharmaceutical innovation in this space. This is a first-in-class drug discovery program delivered exclusively by Lupin right from concept generation through the various stages of drug discovery and development. We are proud of the conceptualization, strategic direction and impeccable execution done by the team at Lupin that meets the global standard of pharmaceutical research." Tom Hudson, M.D., Vice President, Discovery, AbbVie commented, "Lupin's MALT1 program is exploring a new and innovative approach in difficult-to-treat cancers. AbbVie is committed to pursuing advanced treatment options for patients and we look forward to partnering our expertise in hematological oncology with Lupin's discovery program to offer new hope to patients." Under the terms of the agreement, AbbVie will pay Lupin an upfront payment of US$ 30 million for an exclusive license to the program. Upon successful completion of regulatory, development and commercial milestones, Lupin is eligible to receive total milestone payments of up to US$ 947 million. Additionally, Lupin will be entitled to receive a double-digit royalty on the sales of the product and will retain commercial rights to the program in India. Lupin's Novel Drug Discovery and Development team is focused on building a pipeline of highly differentiated and innovative new chemical entities in the therapeutic areas of Oncology, Immunology and Metabolic disorders. Lupin's NDDD activities were started in 2010 with the vision to use cutting-edge research in bringing novel molecules that address unmet medical needs in multiple therapeutic areas to market globally. **Pooja Thakran, Ph: +91-22 6640 2531 / 8291013225, Email: poojathakran@lupin.com**


सभी देशवासियों को नववर्ष व गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें



Vishal Gupta

Gupta Medi Associate

UGF-06, Maasharda Dawa Bazar
Near Gandhi Park,
Gorakhpur - 273001 (U.P.)
Mob:- 09450094121

2019


## 6 Exercises To Ease Your Sciatica Pain

Back pain can occur in multiple ways and it can increase after an injury. One of them is sciatica pain – it occurs when the body's sciatic nerve is inflamed. It can be a mild to severe pain, depending on the severity of the condition. The pain may travel through the lower back to the buttocks, back legs to the feet. Sciatica pain generally affects one side of the leg but in some severe cases, it may affect both the sides. It can happen any time of the day while walking, sitting or sleeping. The pain is hard to treat but there are some exercises which can help with the condition. **Reclining Pigeon Pose:-** Lie down on a mat with your knees flexed and feet flat on the floor. • While lying on your back, bring your left leg up to left angle. • Lift your right leg and place your left ankle on the right knee. • Hold the position for a few minutes. • Repeat on the other side. **Knee to Opposite Shoulder:-** Lie in the same position as the last exercise. • Clasp your hands around the right knee and bring it close to your chest. Make sure that your toes are pointed. • Gently bring your right leg towards your left shoulder and hold for about 30 seconds. • Go to the initial position and repeat with the other side. • Standing Hamstring Stretch • Place your right foot on an elevated surface. Flex your foot so your toes and legs are straight. • Bend your body forward toward your foot, the deeper you go, the better the stretch. But make sure you are not pushing too far that your feet start hurting. • Release the hip of your raised leg downward and hold for 30 seconds. • Repeat on the other side **Forward Pigeon Pose:-** Bring down your torso down in a forward bend over your right leg. • Bring your right ankle to your left wrist. Now, slide your left leg back with pointing out your toes. • Being your lower leg close to the groin and taking the help of the floor, straighten your back. • Inhale and exhale 10 times before switching to the other side. **Reclined Cow Face Pose:-** Lie down on the back and bring your knees close to your chest. • Cross your left leg over your right and hold the shin with your hands of each side • After 10 seconds, hold both legs with both hands on each side. • Do the same on the other side. **Hip Stretch:-** Lie down on your stomach with resting your head on a pillow. • Keep your hands next to the pillow and palms flat on the floor. • Flex your left knee so the lower leg and the thigh are perpendicular to each other. • Gently lift upwards so that your thigh is off the floor. • Hold this position for 10 seconds and bring it back to the initial position. • Do this 5 times on each side. All of these exercises enable you to stretch the tiny piriformis muscle, which becomes inflamed and causes pain in the sciatic nerve.




श्रीमती चन्द्रकला देवी

करूणा एवं स्नेह की प्रतिमूर्ति
स्व: चन्द्रकला देवी जी
की
पुण्य तिथि (08.01.2019)
पर
हमारा कोटि-कोटि नमन
आपके ममतामयी सान्धिय में रहकर ही
हम अपने कर्तव्यों के पालन में सफल रहे.
समस्त गर्ग परिवार

मैडीकल दर्पण | फार्मा न्यूज
फार्मा दर्पण | ADR (Advance Drug Reckoner)
चन्द्रकला देवी सरस्वती शिशु मन्दिर | जी. सी. डिग्री कॉलेज


## होंठ, जीभ और मुँह के इन हिस्सों में भी होते हैं कैंसर जानें कैसे होता है ओरल कैंसर का इलाज

ओरल कैंसर वह कैंसर है जो मुँह या गले के ऊतकों में विकसित होता है. यह सिर और गर्दन के कैंसर नामक कैंसर के एक बड़े समूह से संबंधित है. अधिकांश आपके मुँह, जीभ और होंठ में पाये गये स्क्वैमस कोशिकाओं में विकसित होते हैं. भारत में कैंसर से होने वाली मौतों में ओरल कैंसर एक बड़ा कारण है. इस बीमारी के कई मरीज जानकारी के अभाव और सही समय पर सही इलाज न मिलने के कारण मौत का ग्रास बन जाते हैं. ओरल कैंसर के इलाज में सबसे जरूरी है कि डॉक्टर पहले इस बात का पता लगायें कि आखिर कैंसर किस स्तर तक पहुँच चुका है. अगर बीमारी गंभीर रूप धारण कर चुकी है, तो कई बार इसका पूरा इलाज संभव नहीं हो पाता. स्टेज 0 या स्टेज 1 होने वाला ट्यूमर टिश्यूज में पूरी तरह से हमला नहीं करता जबकि स्टेज 3 या स्टेज 4 का कैंसर पूरी तरह से टिश्यूज पर हमला कर आसपास के टिश्यूज को भी प्रभावित करता है. ओरल कैंसर का इलाज इस बात पर भी निर्भर करता है कि आखिर कैंसर किस रफ्तार से फैल रहा है. ओरल कैंसर की सबसे आम प्रकार की चिकित्सा है सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी और कीमोथेरेपी. **ओरल कैंसर के प्रकार:-** होंठ • जीभ • गाल की भीतरी स्तर पर • मसूड़ों • मुँह के ऊपरी सतह पर • हार्ड और मुलायम ताल पर होने वाला कैंसर **ओरल कैंसर की चिकित्सा:- सर्जरी:-** कैंसर की सबसे आम प्रकार की चिकित्सा है ट्यूमर को निकालना या कैंसर प्रभावित क्षेत्र को निकालना. बहुत सी स्थितियों में सीधी सर्जरी मुँह के रास्ते की जाती है. लेकिन कुछ स्थितियों में ट्यूमर गर्दन या जबड़े तक फैल जाता है. ऐसे में सर्जरी का दायरा भी बढ़ जाता है. जब कैंसर के सेल्स ओरल कैविटी तक या लिम्फ नोड्स तक पहुँच जाते हैं, तो नेक डिसेक्शजन नामक सर्जरी की जाती है जिसमें कैंसर लिम्फ नोड्स को इस आशा में निकाल दिया जाता है कि वो शरीर के दूसरे भाग में ना फैलने पायें. **रेडिएशन थेरेपी:-** रेडिएशन थेरेपी में अत्यंत शक्तिशाली किरणों की मदद से कैंसर के सेल्स को निकालने का प्रयास किया जाता है. यह छोटे ट्यूमर को निकालने का प्राथमिक उपचार है. इसे सर्जरी के बाद भी किया जा सकता है जिससे कि कैंसर प्रभावित सभी सेल्स को नष्ट कर दिया जाता है. इस थेरेपी को दर्द, रक्तस्राव, निगलने जैसी समस्या के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है, यहाँ तक कि इसका इस्तेमाल तब भी किया जाता है जबकि यह कैंसर से बचाव ना कर सकें और इस प्रकार की चिकित्सा को पैल्यिटिव केयर भी कहते हैं. **कीमोथेरेपी:-** कीमोथेरेपी में कैंसर को खत्म करने के लिए उन ड्रग्स का इस्तेमाल होता है जिससे कि सर्जरी से पहले ट्यूमर संकुचित हो जाता है. जब कैंसर प्रभावित क्षेत्र बहुत बड़ा हो जाता है कि इसकी चिकित्सा सर्जरी से नहीं की जा सकती तो ऐसे में कीमोथेरेपी के साथ रेडियेशन थेरेपी भी दी जाती है जिससे कि कैंसर की स्थिति में सुधार हो और ट्यूमर का आकार छोटा हो सके. दो सबसे आम प्रकार से कीमोथेरेपी में इस्तेमाल किये जाने वाले ड्रग्स का नाम है सिस्लैटिन और 5 फ्लोरोयूरासिल (5 एफ यू). **मुँह के कैंसर से बचाव:-** अगर कैंसर का पता शुरूआती दौर में लग जाता है तो इलाज के सफल होने की सम्भावना बढ़ जाती है. ट्यूमर के पहले और दूसरे स्टेज में कैंसर 4 सेन्टीमीटर क्षेत्र से कम होता है और इस स्थिति में कैंसर लिम्फ नोड्स तक नहीं फैल पाता है. इस स्थिति में ओरल कैंसर की चिकित्सा आसानी से सर्जरी के द्वारा या रेडिएशन थेरेपी के द्वारा की जाती है. कैंसर की चिकित्सा के लिए आपका चिकित्सक कौन सी विधि चुनता है यह कैंसर के स्थान पर निर्भर करता है. अगर सर्जरी आपके बोलने या निगलने की स्थिति को प्रभावित नहीं करती है तो ऐसी चिकित्सा की सलाह दी जाती है. रेडिएशन के प्रभाव से मुँह के और गले के स्वस्थ टिश्यूज में जलन होने लगती है लेकिन यह कुछ प्रकार के ओरल कैंसर के उपचार का अच्छा विकल्प है. ट्यूमर के 3 और 4 स्टेज पर जो कैंसर होते हैं वह अधिक उन्नत और इसमें ट्यूमर बड़े होते हैं और यह मुँह के एक से अधिक भाग में होते हैं या यह लिम्फ नोड्स तक फैले होते हैं. इस प्रकार के कैंसर की चिकित्सा के लिए सामान्यत: अधिक व्यापक सर्जरी और रेडिएशन थेरेपी या कीमोथेरेपी या दोनों ही प्रकार की सर्जरी की जाती है. ओरल कैंसर की चिकित्सक के लिए पुनर्वास का भी सहारा लिया जाता है जिससे कि बोलने और खाने की क्षमता प्राप्त की जा सके जैसे अगर व्यापक सर्जरी की जा रही है तो उसमें कॉस्मेटिक सर्जरी भी की जानी चाहिए.


सभी देशवासियों को नववर्ष व गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें



Rahul Dev Sharma
Marketing Executive

LIG 852, Awas Vikas Colony (Ist)
D.M. Road, Bulandshahr - 203001
Mob:- 07500981311

2019


www.medicaldarpan.in






### फिल्मी ज्ञान

प्रसिद्ध अभिनेता दिलीप कुमार, देव आनन्द एवं राज कपूर ने एक दूसरे के साथ एक-एक फिल्म में ही काम किया. दिलीप और देव ने 'इंसानियत' दिलीप और राज ने 'अन्दाज व राज और देव ने 'श्रीमान जी' में एक साथ काम किया.

### फिल्मी ज्ञान

नाना पलशीकर जबर्दस्त चरित्र अभिनेता थे जो 1935 से 1984 तक कार्यरत रहे. इनकी प्रसिद्ध फिल्में दो बीघा जमीन, झनक-झनक पायल बाजे, देवदास, श्री 420, जागते रहो, अनाड़ी, कानून, शहर और सपना, गाँधी, धुन्द थे. इन्हें फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ चरित्र अभिनेता सम्मान कानून (1962) व शहर और सपना (1965) हेतु मिले. इनकी स्मृतियों को प्रणाम.

-डॉ॰ नरेन्द्र नाथ लाहा, ग्वालियर (म॰प्र), मो॰ 09753698240.


ADR

AUTHORIZED DISTRIBUTORS OF ADR Book

| Location | Shop Name | Contact No. |
|---|---|---|
| Agra | Satish Book Enterprises | 9997877123 |
| Allahabad | Friends Book Depot | 9451743891 |
| Amritsar | Rajat Book corner | 9417381838 |
| Amritsar | Sunder Book Depot | 9814074241 |
| Barnala | Navchetan Book Shop | 9779050692 |
| Dhule | Kushal Book shop | 9423916592 |
| Dimapur | Modern Book Depot | 9436006701 |
| Gwalior | Unique Book Depot | 9826257932 |
| Haldwani | Pooram & Sons | 9837092823 |
| Jodhpur | Book World | 9829088088 |
| Kolkata | Medicare Book House | 9830518610 |
| Muzaffarnagar | Royal Pustak Bhandar | 9761313181 |
| Nanded | Debdhar Pustak Bhandar | 9423615127 |
| Nasik | Rahul Book Center | 0253-2599608 |
| Patna | Current Book Services | 9431077745 |
| Raipur | Srishti Medical Book House | 9300855027 |
| Reewa | Palak Medical Book | 9893793577 |
| Tinsukia | Sharma Book Stall | 9435036146 |
| Vishakhapatnam | Andhra Medical Book Centre | 9985716032 |

For ADR Booking Poonam Singhal, No.-
Mob.- 09219444474.

# Product List

## AB ALL CARE

ALBENDAZOLE IP 400MG, ALBENDAZOLE IP 400MG ,IVERMECTIN IP 6MG ,EXCIPIENTS : Q.S, FLUCONAZOLE IP 150 MG EXCIPIENTS : COLOUR: PONCEAU 4R, ACECLOFENAC IP 100MG,PARACETAMOL IP 325 MG, ACECLOFENAC IP 100MG,PARACETAMOL IP 325 MG, ACECLOFENAC IP 100 MG, PARACETAMOL IP 325 MG ,SERRATIOPEPTIDASE USP 15MG, Aceclofenac IP 100MG ,Thiocolchicoside IP 4M : ACECLOFENAC IP 100 MG , PARACETAMOL IP 325 MG ,CHLORZOXAZONE USP 250 MG, CEFIXIME TRIHYDRATE IP 100MG, CEFIXIME TRIHYDRATE IP 200 MG, CEFIXIME 200MG + LACTIC ACID BACILLUS 2.5 BSP, CEFPODOXIME PROXETIL IP 100 MG, CEFPODOXIME PROXETIL IP 200MG, CEFIXIME 200MG, OFLOXACIN IP 200MG, AZITHROMYCIN IP 250MG. AZITHROMYCIN IP 500MG, DROTAVERINE HYDROCHLORIDE 80 MG EQ. TO DROTAVERINE EXCIPIENTS COLOUR: APPROVED COLOUR TO BE USED, METHYLCOBALAMIN 500 MCG GABAPENTIN USP 300 MG, METHYLPREDISOLONE IP 4MG, METHYLPREDISOLONE IP 8MG, FEROUS ASCORBATE 100 MG EQ. TO ELEMENTAL IRON FOLIC ACID IP 1.5 MG EXCIPIENTS : COLOUR: PONCEAU


सभी देशवासियों को नववर्ष व गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें



Vineet Bhatia
Bhatia Medicals
Bhalotia Market
Gorakhpur - 273001 (U.P.)
Mob:- 09415210576
2019


4R, ERYTHROSINE LAKE & TITANIUM DIOXIDE IP, DEFLAZACORT 6 MG, OFLOXACIN IP 200MG, EXCIPIENTS; COLOUR :TITANIUM DIOXIDE IP, OFLOXACIN IP 200 MG ORNIDAZOLE IP 500MG, CALCIUM CARBONATE IP 1250 MG, FROM ORGANIC SOURCE 9 OYSTER SHELL) EQ. TO ELEMENTAL CALCIUM 500MG VITAMIN D3 IP 250 IU EXCIPIENTS: COLOUR ; TITANIUM DIOXIDE IP, TRANEXMIC ACID IP 250MG ,ETAMSYLATE BP 250MG, PANTOPRAZOLE SODIUM SESQUIHYDRATE IP 40MG, PANTOPRAZOLE SODIUM SESQUIHYDRATE IP 40MG EQ. TO PANTOPRAZOLE DOMPERIDONE IP 10MG, LEVOCETIRIZINE DIHYDROCHLORIDE IP 5MG MONTELUKAST SODIUM IP 10MG, PARACETAMOL IP 650 MG, NIMUSLIDE 100MG + PARACETAMOL 325MG, TRAMADOL HYDROCHLORIDE IP 50MG PARACETAMOL IP 325 MG, AMOXYCILLIN 500MG , POTASSIUM CLAVUNATE ACID 125MG, DICLOFENAC SODIUM IP 50MG PARACETAMOL IP 325 MG MAGNESIUM TRISILICATE IP 100MG, EXCIPIENTS : ONDANSETRON HYDROCHLORIDE IP 4MG, LEVOFLOXACIN HEMIHYDRATE IP 500 MG, LORNOXACAM 8MG + PRACETAMOL 325MG, ATORVASTATIN CALCIUM 10 MG, ATORVASTATIN CALCIUM IP 20 MG EQ. TO ATORVASTATIN EXCIPIENTS : COLOUR: APPROVED COLOUR TO BE USED, RABEPRAZOLE SODIUM IP 20MG EXCIPIENTS: COLOUR : RED OXIDE OF IRON & TITANIUM DIOXIDE IP, RABEPRAZOLE SODIUM IP 20MG DOMPERIDONE IP 10MG, ESOMEPRAZOLE MAGNESIUM TRIHYDRATE IP 40 MG EQ. TO ESOMEPRAZOLE MAGNESIUM EXCIPIENTS: COLOUR: APPROVED COLOUR TO BE USED, CINNARIZINE IP 20 MG, DOMPERIDONE IP 15 MG EXCIPIENTS, URSODEOXYCHOLIC ACID IP 300MG, TERBINAFINE 250MG, LEVOCETRIZINE 5MG, CEFIXIME 200MG + AZITHROMYCIN 250 MG, NIMESULIDE 100MG , PARACETAMOL 325 MG, PHENYEPHRINE HYDROCHLORIDE 5MG, CETRIZINE 5MG, CAFFEINE 25MG, TELMIALL 40MG, **CAPSULES GROUP:-** PANTOPRAZOLE SODIUM SESQUIHYDRATE DOMPERI-


सभी देशवासियों को नववर्ष व गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें



Nagendra
Bhagwan Medical Agency
Kurawali Road, Ghiror
Mainpuri - 205121 (U.P.)
Mob:- 09719689752
2019


